EPCH PRESS RELEASE

# FOCUSED Market of West Asia & North Africa - BUYER SELLER MEET OF INDIAN HANDICRAFTS OPENS ON VIRTUAL PLATFORM ORGANIZED BY EPCH

**New Delhi – 24th February, 2021** - The Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) in association with Indian Embassies & Consul General Offices in West Asia & North African Countries (WANA Region) is organising the "Virtual Buyer Seller Meet of Indian Handicrafts Manufacturers & Exporters with buyers of Countries in WANA Region (West Asia & North Africa ) from 23-25 February, 2021 where over 68 accredited manufacturers and exporters from all parts of India is displaying the wide range of handcrafted products at Virtual BSM, said Dr. Rakesh Kumar, Director General – EPCH.

Dr. Rakesh Kumar, DG EPCH informed that during the opening ceremony organized on 23.2.21 on virtual platform, His Excellency Shri Pavan Kapoor, Ambassador, Embassy of India in Abu Dhabi, United Arab Emirates, H.E. Shri Sibi George, Ambassador, Embassy of India in Kuwait, H.E. Shri Munu Mahawar, Ambassador, Embassy of India Oman, H.E. Mr. Piyush Srivastava, Ambassador, Embassy of India in Bahrain, H.E. Mr. Ravindra Prasad Jaiswal, Ambassador, Embassy of India Sudan have extended their wishes to EPCH for organizing its 1st Virtual Buyer Seller Meet in WANA Region reflecting the indomitable spirit of the handicraft exporting fraternity to continue furthering the efforts to strengthen the Handicrafts Sector.

H.E. Shri Pavan Kapoor, Ambassador, Embassy of India in Abu Dhabi, United Arab Emirates said that the quality and range of the handicrafts showcased in this virtual buyer seller meet is truly amazing and this is a wonderful opportunity for Gulf buyers to connect and source from Indian handicrafts exhibitors. The handicrafts sector is an important sector of the Indian economy, as it not only provides significant employment opportunities in the rural areas but also accounts for a significant share in India's exports. The large variety of handicrafts produced all over India reflect India's rich cultural heritage and centuries of evolutionary tradition. Handicrafts mirror the cultural identity of the diverse ethnic people who produce them. India's handicrafts sector nurtures centuries of rich tradition and skilled craftsmanship in creating beautifully designed products, made in a sustainable manner.

H.E. Shri Sibi George, Ambassador, Embassy of India in Kuwait speaking on the occasion that said the Incredible variety of arts and crafts of India is a valuable cultural heritage of the whole humanity, our artisans and craftsmen have been giving us objects of duty and utility for centuries. Today our handicrafts are known and cherished in the large part of the world and naturally here in Kuwait the appreciation for our Handicrafts is immense. EPCH India is organizing a virtual buyer seller meet from 23rd to 25th February this year to connect the buying community in the state of Kuwait with more than 65 manufacturers and exporters from India. The embassy has been engaged in the business community in Kuwait through a stream of events in hybrid format where all stakeholders from India and Kuwait can join and explore business opportunities in India.

H.E. Shri Munu Mahawar, Ambassador, Embassy of India Oman extended their wishes to the participants and said that the Indian Handicrafts Industry is highly decentralized and the 2nd largest employment generating sector. EPCH's member-exporters engage a number of artisans in rural and semi-rural areas of India and generate employment for MSMES. The industry nurtures centuries of rich tradition and skilled craftsmanship by creating beautifully-designed products in sustainable manner. Through the Virtual Buyer Seller Meet, the visitors will have the opportunity to interact with business entities and reliable suppliers from India and work towards forging long-term partnerships for mutual benefits, including promotion of handicraft industry in Oman.

H.E. Mr. Piyush Srivastava, Ambassador, Embassy of India in Bahrain said that the Handicrafts is an important sector having good potential of bilateral cooperation between India and the Kingdom of Bahrain. I am sure that this Virtual BSM will bring promising prospects for both countries for networking, forging long term relations, sourcing premium product lines in home décor, textiles, jewellery & accessories, etc.

H.E. Mr. Ravindra Prasad Jaiswal, Ambassador, Embassy of India Sudan said that this Virtual Meet is an apt learning opportunity from craft backed Indian manufacturing expertise besides sourcing opportunity for several products conforming to modern styles while retaining the simplicity, minimalism and functionality that India competitively offers.

Speaking on the occasion, Mr. Ravi K. Passi, Chairman-EPCH welcomed all to the Virtual Buyer Seller Meet. He informed that this Virtual BSM will provide a viable marketing option to the exhibitors and buyers. It is expected that this Virtual Buyer-Seller-Meet in association with Indian Embassies will lead to a growth in Indo-WANA Region Trade, economy and people to people relations, said Mr. Ravi K. Passi, Chairman-EPCH.

Dr. Rakesh Kumar, Director General, EPCH shared the journey of IHGF Delhi Fair since 1994 as the show has gone from strength to strength recognized as largest congregation of handicraft exporters under one roof as certified by Limca Book of World Records. Dr. Kumar informed the objective of organizing this Virtual Buyer-Seller Meet is match-making on virtual platform of Indian companies with the West Asia & North African buyers & companies interested in sourcing Handicrafts, Gifts, Furniture, Fashion, Lifestyle products for the countries in West Asia & North Africa and other markets thereby creating a 'Brand Image' of Indian Handicrafts amongst buyers in the WANA Region. Indian Craftsmanship, Ethnic Designs and colours are unique and have no comparison with products from other countries, said Dr. Rakesh Kumar, Director General EPCH.

The Handicrafts exports during the year 2019-20 was Rs. 25,270.14 crores and during 1$^{st}$ nine months i.e April-December'2020-21 is Rs. 16940.98 Crores and USD 2268.58 Million informed by Dr. Rakesh Kumar, Director General – EPCH.

---

For more information, please contact :
Dr. RAKESH KUMAR, DIRECTOR GENERAL – EPCH - +91-9818272171

***********

## ईपीसीएच प्रेस विज्ञप्ति

**पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीक का केंद्रित बाज़ार- भारतीय हस्तशिल्प की ग्राहक विक्रेता सम्मेलन का वर्चुअल प्लेफार्म पर उद्घाटन** ईपीसीएच द्वारा

**नई दिल्ली 24 फरवरी, 2021** - पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र (वॉना क्षेत्र- वेस्ट एशिया एंड नार्थ अफ्रीका) में भारतीय दूतावासों और काउंसल जनरल कार्यालयों के सहयोग से हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) वर्चुअल मोड पर एक "वर्चुअल बायर सेलर्स मीट ऑफ इंडियन हैंडीक्राफ्ट मैन्युफैक्चर्रस एंड एक्सपोर्ट्स विद बायर्स आफ कंट्रीज वॉना रीजन" का आयोजन 23 से 25 फरवरी, 2021 तक कर रहा है जिसमें देश के कोने कोने से 68 से ज्यादा मान्यता प्राप्त हस्तशिल्प निर्माता और निर्यातक हिस्सा लें रहा है । ईपीसीएच के महानिदेशक डॉक्टर राकेश कुमार ने बताया कि इस वर्चुअल ग्राहक विक्रेता सम्मेलन में देश के हर कोने से आने वाले ये प्रतिभागी हस्तशिल्प की विस्तृत रेंज का प्रदर्शन करने वाले हैं।

डॉक्टर राकेश कुमार ने बताया कि वर्चुअल मोड पर आयोजित उद्घाटन समारोह 23.2.21 के दौरान अबू धाबी दूतावास संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत महामहीम श्री पवन कपूर, कुवैत में भारत के दूतावास में राजदूत महामहीम श्री सिबी जॉर्ज ओमान दूतावास में भारत के राजदूत महामहीम श्री मुनु महावर, बहरीन दूतावास में भारतीय राजदूत महामहीम श्री पीयूष श्रीवास्तव, सूडान के भारतीय दूतावास में राजदूत महामहीम श्री रवींद्र प्रसाद जायसवाल ने वाना क्षेत्र में पहली बार वर्चुअल ग्राहक विक्रेता सम्मेलन को आयोजित करने के लिए ईपीसीएच को अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं। अपनी शुभेच्छा में इन्होंने हस्तशिल्प निर्यात को मजबूत करने के प्रयासों को जारी रखने के लिए हस्तशिल्प निर्यातकों की अदम्य भावना का उल्लेख किया है

संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी दूतावास में भारत के राजदूत महामहीम श्री पवन कपूर ने कहा कि इस वर्चुअल ग्राहक विक्रेता सम्मेलन में प्रदर्शित हस्तशिल्प की गुणवत्ता और रेंज वास्तव में आश्चर्यजनक है और यह खाड़ी देशों के खरीदारों के लिए भारतीय से जुड़ने और यहां से अपनी आवश्यक्तानुसार खरीददारी करने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि हस्तशिल्प सेक्टर भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है, क्योंकि यह न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर देता है , बल्कि भारत के निर्यात में भी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखता है। पूरे भारत में उत्पादित हस्तशिल्प की विशाल विविधता भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और समय के साथ अनकूल होती विकासवादी परंपरा की सदियों

को दर्शाती है। ये हस्तशिल्प अपने विभिन्न कारीगरों की भी की सांस्कृतिक पहचान को भी दर्शाते हैं। भारत के हस्तशिल्प क्षेत्र ने सदियों से चली आ रही खूबसूरती से तैयार किए गए उत्पादों को बनाने में समृद्ध परंपरा और कुशल शिल्प कौशल का पोषण किया है।

कुवैत में भारतीय  दूतावास में राजदूत महामहीम श्री सिबी जॉर्ज ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की कला और शिल्प की अतुलनीय विविधता पूरी मानवता की एक कीमती सांस्कृतिक विरासत है।  हमारे कारीगर और शिल्पकारों हमें सदियों से कर्तव्य, जरुरत और उपयोगिता के शिल्प मुहैया करा रहे हैं। आज दुनिया के बहुत बड़े हिस्से में हमारे हस्तशिल्प की पहचान है, उसका सम्मान है और कुवैत में हमारे हस्तशिल्प को बहुत ज्यादा पसंद किया जाता है। ईपीसीएच इंडिया इस वर्ष 23 से 25 फरवरी तक एक वर्चुअल ग्राहक विक्रेता सम्मेलन आयोजित कर रहा है जो भारत से 65 से अधिक निर्माताओं और निर्यातकों के साथ कुवैत राज्य में खरीद समुदाय को जोड़ने के लिए एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि उनका दूतावास कुवैत के व्यापारिक समुदायों के साथ संपर्क में है। ऐसा करने के लिए विभिन्न आयोजनों में वह हायब्रिड तरीके से सम्मिलित है जिससे भारत और कुवैत के सभी हितधारक भारत में व्यापार के अवसरों का ना सिर्फ पता लगा सकते हैं बल्कि उनमें खुद को शरीक कर सकते हैं।

ओमान दूतावास में भारत के राजदूत महामहीम श्री मुनु महावर ने प्रतिभागियों को अपनी शुभकामानाएं देते हुए कहा कि भारतीय हस्तशिल्प उद्योग बहुत ज्यादा विकेंद्रीकृत है और रोजगार देने के मामले में दूसरा सबसे बड़ा सेक्टर है।  ईपीसीएच के सदस्य-निर्यातक भारत के गांवों और कस्बों में बड़ी संख्या में कारीगरों को अवसर मुहैया कराते हैं और छोटे मझोले उद्यमों ( एमएसएमई) के लिए रोजगार पैदा करते हैं। हस्तशिल्प उद्योग सदियों पुरानी समृद्ध परंपरा और कुशल शिल्प कौशल का पोषण करते हुए खूबसूरती से डिजाइन किए गए उत्पादों का निर्माण करता है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि वर्चुअल ग्राहक विक्रेता सम्मेलन के माध्यम से, प्रतिभागियों  को ओमान में हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा देने के साथ ही आपसी लाभ के लिए भारत से व्यापारिक संस्थाओं और विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ बातचीत करने और लंबी अवधि के साझेदारी के लिए काम करने का अवसर मिलेगा।

बहरीन में भारत के राजदूत महामहीम श्री पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि हस्तशिल्प भारत और बहरीन के बीच द्विपक्षीय सहयोग की  बहुत बड़ी क्षमता रखने वाला एक महत्वपूर्ण सेक्टर है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि यह वर्चुअल ग्राहक विक्रेता सम्मेलन दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण नेटवर्किंग, लंबे समय तक संबंधों को बनाए रखने के साथ ही घरेलू सजावट, कपड़े, आभूषण और एसेसरीज आदि में प्रीमियम उत्पाद लाइनों की खरीददारी के लिए आशाजनक संभावनाएं लाएगा।

सूडान में भारतीय राजदूत महामहीम श्री रवींद्र प्रसाद जायसवाल ने कहा कि यह वर्चुअल सम्मेलन शिल्प समर्थित भारतीय विनिर्माण विशेषज्ञता से सीखने का एक अवसर है। इसके साथ ही यह सादगी, बारीकियों और कार्यक्षमता को बनाए रखते हुए आधुनिक शैलियों के अनुरूप कई उत्पादों के लिए नए अवसर भी प्रदान करता है, जो भारत की प्रतिस्पर्धी परंपरा की पहचान है।

इस मौके पर अपने विचार रखने से पहले ईपीसीएच के चेयरमैन श्री रवि के पासी ने वर्चुअल बायर्स सेलर मीट के सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह ग्राहक विक्रेत सम्मेलन प्रतिभागियों, प्रदर्शकों और ग्राहकों सभी के लिए एक बेहतरीन मार्केटिंग विकल्प प्रदान करेगा। ईपीसीएच के चेयरमैन श्री रवि के पासी ने विश्वास व्यक्त किया कि दूतावासों के सहयोग से हो रहा यह ग्राहक विक्रेता सम्मेलन भारत-वॉना क्षेत्र के व्यापार, अर्थव्यवस्था और लोगों के आपसी सहयोग और रिश्तों के विकास में सहायक साबित होगा।

ईपीसीएच के महानिदेशक डॉक्टर राकेश कुमार ने इस अवसर पर ईपीसीएच की यात्रा पर् प्रकाश ड़ाला कि कैसे वर्ष 1994 से आयोजित हो रहा आईएचजीएफ दिल्ली मेला धीरे-धीरे इतना विशाल हो चुका है कि अब लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स ने इसे विश्व में एक छत के नीचे हस्तशिल्प निर्यातकों के सबसे बड़े समागम के रुप में मान्यता दे दी। उन्होंने इस वर्चुअल बायर सेलर मीट के उद्देश्यों पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि यह आयोजन भारतीय कंपनियों और निर्यातकों और West Asia & North African के ग्राहकों के बीच एक वर्चुअल समागम स्थल साबित होगा। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प, गिफ्ट्स, फर्नीचर, फैशन, जीवनशैली के उत्पादों को क्रय करने में रुचि रखने वाले नॉरडिक क्षेत्र समेत पूरे West Asia & North African के ग्राहकों, कंपनियों और बाज़ारों के बीच यह आयोजन भारतीय हस्तशिल्प की 'ब्रांड इमेज' भी स्थापित करेगा। ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. (श्री) राकेश कुमार ने कहा कि भारतीय हस्तशिल्प शिल्पकारी, पारंपरिक डिजाइन और रंगों की वजह से पूरे विश्व में विशिष्ट स्थान रखते हैं और किसी भी देश के हस्तशिल्प उत्पाद इनका मुकाबला नहीं कर सकते हैं।

**ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि2019-20के दौरान हस्तशिल्प निर्यात25,270.14करोड़ रुपये का था, जबकि2020-21के पहले नौ महीने यानी अप्रैल-दिसंबर के दौरान यह रुपये के संदर्भ में16940.98करोड़ और डॉलर के संदर्भ में2268.58मिलियन रहा.**

---

For more information, please contact :
Dr. RAKESH KUMAR, DIRECTOR GENERAL – EPCH - +91-9818272171

***********

PHOTOS ENCLOSED





PHOTO 1 – SHRI RAVI K PASSI, CHAIRMAN-EPCH SPEAKING ON THE OCCASION OF INAUGURATION OF EPCH BUYER SELLER MEET ORGANIZED IN FOCUSED MARKET OF WEST ASIA & NORTH AFRICAN REGION




PHOTO 2 – GLIMPSE OF VIRTUAL EPCH BUYER SELLER MEET ORGANIZED IN FOCUSED MARKET OF WEST ASIA & NORTH AFRICAN REGION





PHOTO 3 – SHRI SIBI GEORGE, HIS EXCELLENCY AMBASSADOR OF INDIA TO KUWAIT SPEAKING ON THE OCCASION OF INAUGURATION OF EPCH BUYER SELLER MEET ORGANIZED IN FOCUSED MARKET OF WEST ASIA & NORTH AFRICAN REGION





PHOTO 4 – VIRTUAL BOOTHS DURING EPCH BUYER SELLER MEET ORGANIZED IN FOCUSED MARKET OF WEST ASIA & NORTH AFRICAN REGION